राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : गृह विज्ञान

पाठ 1: गृह, परिवार और गृह विज्ञान

कार्यपत्रक - 1

1. क्या गृह विज्ञान कला से संबंधित है? अपने उत्तर के दो कारण बताइए।
2. क्या आप सोचते हैं कि गृह विज्ञान पढने के बाद आप काम की दुनिया के लिए तैयार हो पाएंगे?
3. आपके गृह विज्ञान पढने के बाद आपके परिवार को कौन से दो लाभ मिल सकते हैं?
4. अपनी दो खूबियों की पहचान करें और इन्टरनेट से पढ़कर अपने लायक व्यवसाय ढूंढ कर लिखें।
5. कोविड पैन्डेमिक के इस दौर में आप घर से कौन से दो व्यवसाय शुरू करके अपने परिवार की सहायता कर सकते हैं?
6. यदि आप पुरुष हैं तो गृह विज्ञान पढने की आवश्यकता के तीन कारण दें, और यदि आप महिला हैं, तो आपके अनुसार पुरुषों को गृह विज्ञान पढने की आवश्यकता के तीन कारण दें।
7. आपके मतानुसार, भोजन पकाने, गृह सज्जा, बच्चों के पालन के अतिरिक्त आप गृह विज्ञान में क्या सीखेंगे?
8. आपके विचार में क्या स्व रोज़गार वेतन रोज़गार से बेहतर है? दो कारण बताएं।
9. क्या घर-से-काम करना कामकाजी महिलाओं के लिए हितकर है? कैसे?
10. अपने लिए गृह विज्ञान विषय चुनने के चार कारण लिखें।